एक नजर में

मोहर्रम पर सदर मुर्तजा भाई मोईनी का प्रथम प्रवचन

डही। सेफी मस्जिद डही में बोहरा समुदाय को किए प्रथम प्रवचन में सदर मुर्तजा भाई ने इमाम हुसैन की शहादत व पैगम्बर साहब के अनुयाई शहीदे करबला के वाकिए की जिक्र की व समाज जन को मोहर्रम पर्व पर सिर्फ इबादत में मशगूल रहे और पूरे नव दिनों तक सिर्फ हुसैन के गम ओर शहादत को याद करें। आपने अपने प्रवचन में ये भी कहा कि चुगली और ईर्ष्या इंसान को गुनाह की और ले जाती है। इस से सभी को बचना चाहिए। समाज और नगर के सभी समाज के लोगों से मेल मिलाप रखे धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के उसूल जिस देश में रहते हो उस देश के वफादार रहो एवं सामाजिक तौर तरीकों के बारे में ज्ञान वर्धक प्रवचन दिए जिसका समाज जन ने पूरी निष्ठा के साथ पालन करने का वचन दिया इस पावन पर मोहर्रम में बोहरा समुदाय के तकरीबन 60 से ज्याद व्यापारी व्यापार करते हे सभी ने अपनी प्रतिष्ठान 9 दिनों के लिए बंद रख कर इमाम हुसैन के प्रवचन (वाअज) सुनने के लिए रोजाना सबेरे 10 बजे से 2 बजे तक एवं रात 7.30 से10 मजलिस में अपनी उपस्थिति देंगे। जानकारी समाज के सेकेट्री अब्दुल भाई ककरानावाला ने दी

विधायक प्रताप ग्रेवाल ने किसानों की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को लिखा पत्र

सरदारपुर। खाद डीजल पेट्रोल गैस की किल्लत चारों ओर मचा हा-हाकार न कोई देखने वाला न ही सुनने वाला। किसान की हालत बहुत खराब है। सरदारपुर तहसील में किसानों को खाद नहीं मिल रहा है, टोकन सिस्टम ने बिगाड़ी किसानों की हालत। जहां खाद मिलता है वहां टोकन बुक नहीं हो रहे हैं। जहां टोकन बुक हो रहे हैं। वहां खाद नहीं मिल रहा है किसानों की हितैषी सरकार भी क्यों मदद नहीं कर पा रही है इस समय किसानो की हालत बहुत खराब है। खाद डीजल पेट्रोल गैस टंकी सभी की सीमित मात्रा करने के बाद भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है आखिर क्यों किसानों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा गुरूवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर किसानों की खाद एवं फार्मर आईडी की समस्या का समाधान करने की मांग रखी। पत्र के माध्यम से बताया है कि वर्तमान मे सम्पूर्ण मध्यप्रदेश की सहकारी समितियों (सोसायटियों) और निजी केंद्रों से डीएपी और यूरिया खाद गायब है। फसलों की शुरुआती ग्रोथ और यूरिया की टॉप-ड्रेसिंग के समय खाद न मिलना सीधे तौर पर उत्पादन को प्रभावित करेगा। डीएपी की कमी का फायदा उठाकर सोसायटियों और निजी डीलरों द्वारा किसानों को एनपीके खाद लेने पर मजबूर किया जा रहा है। वर्तमान फसल चक्र में मिट्टी को केवल नाइट्रोजन और फास्फोरस की जरूरत है, पोटैशियम की नहीं। डीएपी खाद का भाव 1350 एवं एनपीके 2450 रूपये है अनावश्यक एनपीके खरीदने से किसानों पर 1100 रूपये अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है, किसानो को सोयाबीन मे डीएपी खाद की आवश्यकता है एनपीके जबरन थोपना जो कि सरासर गलत है। वही खाद वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए लागू की गई फार्मर आईडी पोर्टल व्यवस्था में इस समय भारी तकनीकी त्रुटियाँ (सर्वर डाउन होना, ओटीपी न आना, भूमि का विवरण न दिखना) आ रही हैं। इसके कारण वास्तविक किसानों की आईडी सत्यापित नहीं हो पा रही है और उन्हें खाद की पात्रता पर्ची या कूपन मिलने में कई-कई दिनों का विलंब हो रहा है। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि राज्य के सभी प्रभावित जिलों में डीएपी और यूरिया खाद की रैक बढ़ाकर पर्याप्त आपूर्ति तुरंत सुनिश्चित की जाए। फार्मर आईडी से जुड़ी तकनीकी समस्याओं को ठीक करने के लिए आईटी विभाग को तुरंत निर्देशित किया जाए और सर्वर डाउन होने की स्थिति में ऑफलाइन या वैकल्पिक सत्यापन के माध्यम से तुरंत खाद देने की व्यवस्था की जाए। यह जानकारी विधायक कार्यालय से विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।

भव्य शौर्य यात्रा के साथ महाराणा प्रताप ब्रिज पर प्रतिमा का अनावरण

महू. ग्राम पिगडंबर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की 486वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में राजपूत समाज द्वारा कुंवर शक्ति सिंह गोयल के नेतृत्व में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 19वां विशाल आयोजन किया गया. इस ऐतिहासिक अवसर पर जन सहयोग से नवनिर्मित महाराणा प्रताप ब्रिज पर महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापित कर उसका गरिमामय अनावरण किया गया. जयंती महोत्सव के तहत प्रात: 11 बजे श्रीराम तेजाजी चौक से शुरू हुई यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी. यात्रा में पूरा पिगडंबर नगर केसरिया रंग में रंगा नजर आया. समाज के युवा और वरिष्ठ जन केसरिया साफा पहनकर और हाथों में केसरिया ध्वज थामे शौर्य का प्रतीक बने चल रहे थे. यात्रा में मुख्य आकर्षण महाराणा प्रताप जी की मनमोहक झांकी और घोड़ों पर सवार केसरिया ध्वज लिए युवा शामिल रहे. इस मौके पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ राजनेता, सामाजिक पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता कंचन सिंह चौहान जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर, अखिल भारतीय राजपूत समाज अध्यक्ष संतोष ठाकुर, करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष रौनक ठाकुर, स्थानीय जनप्रतिनिधि सरपंच रूप सिंह जाधव, उपसरपंच रिंकू सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य रामचंद्र चौहान अन्य वरिष्ठ एवं युवा नेतृत्व दिलीप सिंह गोयल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, वरिष्ठ जन और युवा साथी उपस्थित थे.

महाराणा प्रताप और महाराजा छत्रसाल जयंती पर उमड़ा क्षत्रिय समाज

सिमरोल. वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं महाराजा छत्रसाल जयंती के पावन अवसर पर ग्राम दतोदा में भव्य महासभा का आयोजन किया गया. मध्य भारत क्षत्रिय राजपूत परिषद न्यास एवं मध्य भारत राजपूत युवा संगठन के तत्वावधान में आयोजित यह गरिमामयी कार्यक्रम मां पद्मावती सती परिसर पर संपन्न हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत मां अन्नपूर्णा धाम स्थित राष्ट्रगौरव महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पारंपरिक रूप से माल्यार्पण कर की गई. इसके पश्चात मां पद्मावती सती टेकरी पर मुख्य सभा का आयोजन हुआ.

सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया निर्माणाधीन आईटी पार्क-3 का निरीक्षण

- 557 करोड़ की लागत से बन रहा है 22 मंजिला विश्वस्तरीय आईटी पार्क-3
- उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन (IMR) बनेगा प्रदेश की डिजिटल अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन : मुख्यमंत्री यादव
- योजना, वर्तमान में 17वीं मंजिल का काम प्रगति पर

धार। इस साल के अंत तक पूर्ण होगी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज इन्दौर शहर में निर्माणाधीन आई.टी. पार्क-3 का निरीक्षण किया गया एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। भ्रमण के दौरान एम. पी.आई.डी.सी. के कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि 557 करोड़ की लागत से विकसित हो रहे इस 22 मंजिला भवन को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है, जिसमें 11 लाख 25 हजार वर्गफीट क्षेत्रफल विकसित होगा। यह परियोजना साल के अंत तक पूर्ण होना संभावित है, जिसके पश्चात् बुकिंग हेतु उपलब्ध कराई जावेगी। वर्तमान में 17वीं मंजिला का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

भविष्य उन्मुख डिजिटल अर्थव्यवस्था का निर्माण किया जा रहा है

मुख्यमंत्रीद्वारा कार्य की प्रगति एवं परियोजना के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की गई उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश को देश का अग्रणी आईटी और सेवा क्षेत्र का केंद्र बनाने का हमारा संकल्प है। उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन (UIMR) इस परिवर्तन का ग्रोथ इंजन बनेगा। आईटी पार्क-3, आईटी पार्क-4, आईटी पार्क उज्जैन, इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर और निजी क्षेत्र की परियोजनाएं मिलकर एक ऐसा आधुनिक इकोसिस्टम तैयार करेंगी, और मध्यप्रदेश को डिजिटल अर्थव्यवस्था की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। इंदौर में पहले से टीसीएस, इन्फोसिस, एक्सेंचर, कॉग्निजेंट, पर्सिस्टेंट, इन्फोबीन्स सहित अनेक अग्रणी कंपनियों तथा बड़ी संख्या में लघु एवं मध्यम आईटी कंपनियाँ कार्यरत हैं। इसके साथ ही क्रिस्टल आईटी पार्क एवं अतुल्य आईटी पार्क जैसे अत्याधुनिक परिसरों ने इंदौर में एक सशक्त आईटी इकोसिस्टम विकसित किया है विकसित किए जा रहे आईटी पार्क प्रदेश को आईटी, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (त्नष्टष्ट) और सेवा क्षेत्र का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इन परियोजनाओं के माध्यम से मध्यप्रदेश में एक सुदृढ़ और भविष्य उन्मुख डिजिटल अर्थव्यवस्था का निर्माण किया जा रहा है।

धार पॉलीटेक्निक कॉलेज में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

धार. मध्य प्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत धार पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, धार में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित है। इस चरण में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है. महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, द्वितीय चरण के अंतर्गत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं पूर्व में किए गए रजिस्ट्रेशन को निरस्त करने की अंतिम तिथि आज, 18 जून 2026 को रात्रि 11:45 बजे तक निर्धारित की गई है।

ऐसे अभ्यर्थी जो अपने पंजीयन विवरण, जैसे कि हस्ताक्षर अथवा अन्य त्रुटियों में सुधार करना चाहते हैं, उनके लिए %एडिट रजिस्ट्रेशन% की लिंक 19 जून से 20 जून 2026 को सायं 5:30 बजे तक क्रियाशील रहेगी, जिसके तहत अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार ही यह सुधार सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. इसके साथ ही, प्रवेश के इच्छुक समस्त अभ्यर्थियों को अपनी मनपसंद संस्थाओं की प्राथमिकता तय करने के लिए चॉइस फिलिंग की सुविधा 10 जून से उपलब्ध है, जो आगामी 22 जून 2026 को रात्रि 11.45 बजे तक जारी रहेगी और इसके अंतिम दो दिनों में विद्यार्थी अपने दिए गए प्राथमिकता क्रम में आवश्यकतानुसार परिवर्तन भी कर सकेंगे।

गायत्री शक्तिपीठ बदनावर के स्थापना दिवस पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

बदनावर। गायत्री शक्तिपीठ बड़ी चौपाटी बदनावर पर दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। 16 जून को प्रात: ध्यान योग शिविर तथा दोपहर महिला मंडल द्वारा भजन शाम को दीप महा यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया था।

17 जून प्रात: 8:00 बजे से पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ होकर, जिसकी पूर्णाहुति 11:30 बजे होकर महा आरती के बाद शक्तिपीठ परिसर में भंडारे का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी रखा गया जिसमें अनेकों लोगो ने इसका लाभ लिया। दोपहर 1:00 से 2:00 बजे मध्य नारी जागरण हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें गायत्री शक्तिपीठ के

सभी महिला मंडल आसपास की क्षेत्र से पधारी बहनें तथा अध्यक्ष नगर परिषद श्रीमती मीना शेखर जी यादव, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती सुषमा पाठक, वार्ड पार्षद भारती राठौर, अनिता चौहान. शक्तिपीठ की तरफ से सभी मेहमानों का स्वागत सत्कार, बहुमान किया गया। इस कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्ट्री सुभाषचन्द्र शर्मा एवं सभी ट्रस्टी सदस्यों, महिला मंडलों युवा मण्डल, संस्कृति मण्डल क्षेत्र से आए सभी परिजनों का सराहनीय योगदान रहा।

यह जानकारी गायत्री शक्तिपीठ बदनावर के परिजन प्रदीप पांडेय् ने दी।

छात्र ने लगाई फांसी, परिजनों ने एक युवती पर लगाए ब्लैकमेलिंग के आरोप

इंदौर. गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक कॉलेज छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के बाद परिजनों ने छात्र की परिचित युवती पर ब्लैकमेलिंग और पैसों की मांग करने के गंभीर आरोप लगाए हैं. पुलिस ने मर्ग कायम कर छात्र का मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है. 21 वर्षीय राहुल पिता संतोष झरने निवासी गोमतगिरी वैष्णव कॉलेज में थर्ड ईयर का छात्र था. मंगलवार शाम वह घर पर अकेला था, इसी दौरान उसने फांसी लगा ली. शाम को जब उसकी मां काम से लौटकर घर पहुंची तो बेटे को फंदे पर लटका देखा. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की. परिजनों ने पुलिस को बताया कि राहुल का क्षेत्र की एक युवती से लंबे समय से प्रेम संबंध था. उनका आरोप है कि युवती राहुल पर लगातार पैसों के लिए दबाव बना रही थी. मोबाइल में मिली आखिरी चैट में भी युवती द्वारा रुपए मांगने की बात सामने आई है. गांधी नगर थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की हर पहलू से जांच की जा रही है. मोबाइल और चैट रिकॉर्ड की जांच के बाद ही स्थिति साफ होगी.

जन कल्याण शिविर भाजपा -कांग्रेस के बीच राजनीति का अखाड़ा बना

- सरकार के 12 वर्षों की ये उपलब्धि है कि मक्का की फसल सस्ती और निंबोली महंगी हो गई : कमला धार्वे

गंधवानी। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं भाजपा खूब उत्सव मना रही है, लेकिन यह भी जानना जरूरी है कि आज की तारीख में पेड़ों पर लगने वाली बिना किसी खाद और अन्य मेहनत के होने वाली निंबोली 2000 प्रति क्विंटल के हिसाब से महंगी हो गई और किसानों के खून पसीने से उपजाई मक्का की फसल मात्र 1200 रह गई। यह भाजपा सरकार की उपलब्धि है कि किसान अपनी फसलों का सही दाम नहीं ले पा रहा और खून के आंसू रोने पर मजबूर है। यह बातें गंधवानी में विकासखंड स्तरीय जन कल्याण शिविर में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समर्थक जिला पंचायत सदस्य कमला धार्वे ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हर वर्ग के लोग परेशान है क्या यही मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धि है जिसमें आम जनों को कोई राहत नहीं। ये भाजपा की फोटोकॉपी की सरकार।

कांग्रेस नेता जिला पंचायत सदस्य कमला धार्वे के द्वारा कहां की यह भाजपा की फोटोकॉपी की सरकार है कई योजनाओं में जोड़ने के लिए लोगों से फोटो कॉपी करवाते हैं और लोग इसमें लाइनों में लगे रहते हैं लाभ तो बहुत दूर की बात है।

हितग्राहियों को वितरण किए प्रमाण पत्र

भाजपा नेताओं ने भी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। यहां पर कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने भी मंच से सरकार की उपलब्धियां को गिनाया है जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा मुख्य रूप से मौजूद थे जिन्होंने सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान की वहीं कांग्रेस की ओर से जनपद अध्यक्ष लीलाबाई जमरा जनपद उपाध्यक्ष सावित्रीबाई मंडलोई सहित कांग्रेस नेता मौजूद थे। मीडिया के द्वारा कार्यक्रम का बहिष्कार किया गया। इस पूरे आयोजन में गंधवानी नगर की मीडिया के द्वारा बहिष्कार किया गया और कोई भी पत्रकार कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंचा मामले में जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में जनपद के अधिकारियों के द्वारा पत्रकारों को सूचना नहीं देने जाने के कारण में नाराज थे इसलिए उन्होंने कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया और कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे। हितग्राहियों को वितरण किए प्रमाणपत्र।

प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनकल्याण शिविर का समापन

बदनावर। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर परिषद द्वारा तहसील कार्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का गुरुवार को समापन हुआ।

शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 642 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पेयजल, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आवास एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े प्रकरण शामिल रहे।

शिविर के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं। जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

समापन समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन, पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, पूर्व राज्य मंत्री राजेश अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती, महेंद्रसिंह चाचूबना, शेखर यादव, प्रेमचंद परमार, सुनील मोदी, मनीष गुर्जर, राजेंद्र सराफ, राजेंद्रसिंह पवार, संजू बना, गोविंद रघुवंशी, शिवरामसिंह रघुवंशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्षद, एल्डरमैन एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीना-शेखर यादव द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। उन्होंने नगर परिषद द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि नगर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने जनकल्याण शिविर को शासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही संभव हो पाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदनावर क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विशेष रूप से पीएम मित्रा टेक्सटाइल पार्क क्षेत्र के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

महाकाल प्रतिष्ठा महोत्सव आज, भक्त-भगवान का अनोखा मिलन

सरदारपुर। लेड गांव नगर की जनता में हर्ष का वातावरण है कार्यक्रम को लेकर उत्साह हे, आज दिनांक 19/06/2026 वार शुक्रवार (ज्येष्ठ सुदी पंचमी)को भगवान हरी हर महादेव जी का सह परिवार प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ महोत्सव है उसके उपलक्ष में आज सुबह से ही भगवान हरिहर महादेव जी का अभिषेक तथा 10 बजे ध्वजारोहण एवम महाआरती की जाएगी जिसमें नगर के समस्त धर्म प्रेमी जनता आकर महाकाल मंदिर में धर्म की ध्वज लहराएंगे महाकाल का आशीर्वाद लेकर अपना जीवन धन्य करेंगे, यहां पर महाकाल मंदिर खेड़ापति के हनुमान मंदिर शीतला माता मंदिर दशामाता सभीदेवी देवता एक ही स्थान पर विराजमान है जिनके दर्शन मात्र से सारे कार्य पूर्ण हो जाते है।

एक नजर में

मेहनत, लगन और प्रतिभा को मिला सम्मान का मंच ,अखिल भारतीय सिर्वी महासभा म.प्र. की प्रेरणादायी पहल, युवाओं को मिला आगे बढ़ने का संकल्प

सिर्वी प्रतिभा पर्व के प्रदेश स्तरीय समारोह में 437 प्रतिभाएं हुई सम्मानित

कुक्षी। किसी भी समाज की असली ताकत उसकी प्रतिभाएं होती हैं। जब प्रतिभाओं को पहचान, सम्मान और प्रोत्साहन मिलता है तो सफलता की नई राहें खुलती हैं। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए अखिल भारतीय सिर्वी महासभा मध्यप्रदेश के तत्वावधान में चतुर्थ कार्यकारिणी द्वारा आयोजित सिर्वी प्रतिभा पर्व 2025-26 के अंतर्गत प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन माधव श्री प्रसादम, कुक्षी में सम्पन्न हुआ।

यह समारोह केवल सम्मान का कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज की मेहनत, संघर्ष और उपलब्धियों का

उत्सव बना। समारोह में मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनके प्रयासों को नई ऊर्जा प्रदान की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ आई माताजी के पूजन एवं आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित अतिथियों ने प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

समारोह में मुख्य रूप से कुक्षी एसडीएम आईएएस विशाल धाकड़, आलीराजपुर जनपद सीईओ प्रिया काग, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मनोहरलाल मुकाती, कैलाश मुकाती (वीआईपी), प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल गहलोत, महासचिव देवेन्द्र सतपुड़ा, केंद्रीय समिति के वरिष्ठ सदस्य शांतिलाल काग, हरिसिंह पटेल, भरतलाल परमार, अनिता चोयल, डॉ. जया मुकाती, सोनू बर्फा, प्रांतीय उपाध्यक्ष राधेश्याम मुकाती, दिनेश चौधरी, दीपालाल सोलंकी, बाबूलाल मुलेवा, राजकुमार बर्फा,महेश्वर ट्रस्ट पूर्व अध्यक्ष पृथ्वीसिंह सोलंकी, राजगढ़ ट्रस्ट अध्यक्ष प्रेमचन्द काग,शिक्षा सचिव नरेन्द्र सिर्वी, खेल सचिव अरुण परमार, सांस्कृतिक सचिव हरिराम राठौर, कोषाध्यक्ष संजय चोयल, वरिष्ठ पंच मोतीलाल काग, महिला संगठन प्रांतीय अध्यक्ष ललिता पंवार, महासचिव उमा काग, मुख्य संरक्षक मिश्री देवी चौधरी, युवा संगठन प्रांतीय अध्यक्ष लखन काग एवं महासचिव जितेन्द्र लछेटा की मंच पर गरिमामयी उपस्थिति रही।

स्वागत उद्बोधन में प्रांतीय महासचिव देवेन्द्र सतपुड़ा ने कहा कि प्रतिभाओं को सम्मान देना समाज के उज्ज्वल भविष्य में निवेश करने जैसा है।